सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री विवेक मीना पुत्र श्री आदेश लाल मीना, 6 शंकर विहार, हनुमान मन्दिर, जगतपुरा, जयपुर (राज0) 302017

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), नॉगल राजावतान जिला दौसा

अपील सं0 12/2019

निर्णय दिनांक 15.05.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), नॉगल राजावतान से दिनांक 11.03.2019 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), नॉगल राजावतान को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), नॉगल राजावतान के पत्रांक आरटीआई/2019/551 दिनांक 08.05.19 द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध कराते हुए प्रति इस कार्यालय को पृष्ठाांकित की गई है। साथ ही आवेदक को उपलब्ध कराई गई सूचना की प्रति/पत्रादि संलग्न भिजवाये गये है। प्राप्त पत्रादि संलग्न पत्रावली है। इससे स्पष्ट होता है कि आवदेक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा